ई–मेल पत्र संख्या : 1/सी.–1002/2026–सा0प्र0– 6434/

बिहार सरकार

सामान्य प्रशासन विभाग

प्रेषक,

संजय कुमार, भा.प्र.से.
सरकार के विशेष सचिव।

सेवा में,

सभी प्रधान सचिव/सचिव/विभागाध्यक्ष, बिहार, पटना
निबंधक, पटना उच्च न्यायालय, पटना।

पटना–15, दिनांक : 9 अप्रैल, 2026

विषयः– चयन वर्ष, 2025 के लिए गैर–राज्य असैनिक सेवा के पदाधिकारियों की चयन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्ति हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

प्रसंगः– सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक–1978 दिनांक 28.01.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक विभागीय पत्र दिनांक 28.01.2026 के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि उक्त विभागीय पत्र द्वारा चयन वर्ष, 2025 के लिए गैर–राज्य असैनिक सेवा के पदाधिकारियों की चयन द्वारा भारतीय प्रशासनिक सेवा में नियुक्ति हेतु विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन विषयगत राजपत्रित पदाधिकारियों में से योग्यतम 2(दो) पदाधिकारियों का विधिवत् चयन कर सभी अपेक्षित अभिलेखों एवं सूचनाओं के साथ यथेष्ट प्रस्ताव एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से सामान्य प्रशासन विभाग की प्रशाखा–01 में दिनांक 15.04.2026 तक उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

2. विभिन्न राज्यों की विधान सभाओं के आम निर्वाचन में कई विभागीय सचिवों की व्यस्तता को दृष्टिगत करते हुए आलोच्य प्रस्ताव सामान्य प्रशासन विभाग में प्राप्ति हेतु निर्धारित अंतिम तिथि 15.04.2026 को दिनांक 20.05.2026 तक विस्तारित किया जाता है।

विश्वासभाजन

8/4/26

(संजय कुमार)
सरकार के विशेष सचिव।